भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 653

जिसका उत्तर 28 नवम्बर, 2024 को दिया जाना है।

.....

प्रदूषित जल के कारण कैंसर

653. श्री जगदम्बिका पाल:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की स्थिति पर ध्यान दिया है, जहां उद्योगों से कृष्णा, काली और हिंडन नदी में अम्लीय और आर्सेनिक युक्त अपशिष्ट जल बहाए जाने के कारण 150 गांवों के लोग कैंसर से पीड़ित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन मुद्दों के समाधान के लिए क्या उचित उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) और (ख): कृष्णी और हिंडन नामक दो नदियाँ, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से होकर बहती हैं, जबकि काली (पश्चिम) नदी बागपत में प्रवेश करने से पहले हिंडन नदी में मिल जाती है।

जैसा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है, हिंडन और कृष्णी नदियों के पास आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में किसी भी कैंसर रोगी या गंभीर बीमारी की सूचना नहीं मिली है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की जानकारी के अनुसार, बागपत जिले में कृष्णी नदी में नदी के पानी की गुणवत्ता न्यूट्रल रेंज (पीएच-7.2) में पाई गई और इसमें आर्सेनिक (बीडीएल) नहीं पाया गया। कृष्णा नदी के साथ हिंडन नदी के संगम के बाद, हिंडन नदी के पानी की गुणवत्ता क्रमशः पीएच-7.7 और आर्सेनिक-0.005 मिलीग्राम/लीटर आंकी गई है।

(ग): नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत, हिंडन नदी, काली नदी (पश्चिम) और कृष्णी नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए एनएमसीजी ने बागपत, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर से घरेलू अपशिष्ट जल के 283 एमएलडी एसटीपी उपचार क्षमता निर्माण के लिए 1479.48 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 9 परियोजनाओं (10 एसटीपी) को मंजूरी दी गई है। इन 9 परियोजनाओं में से 2 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण II के अंतर्गत बागपत जिले के गांवों के ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों को शामिल किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 55 भूजल आधारित पेयजल आपूर्ति योजनाएं स्वीकृत की गईं और पूरी कर ली गई है। इस समय इन 55 योजनाओं द्वारा गांवों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

इसके अलावा, हिंडन नदी के तट पर स्थित गांवों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं।

*****